Class - VIII
Sub - Lower Hindi
Ch-1 (भक्ति-पद)

(1)

- शब्दार्थ लिखकर याद करो।

मौखिक

Q1. क) जसोदा पालने में किसे झुला रही हैं?
→ जसोदा पालने में कृष्ण को झुला रही हैं।

ख) श्रीकृष्ण सोते हुए क्या करते हैं?
⇒ श्रीकृष्ण सोते हुए कभी पलकों को मूँद लेते हैं और कभी अपने अधरों को फड़फड़ाते हैं।

ग) कौशल्या कौए को क्या प्रलोभन दे रही हैं?
→ कौशल्या कौए को प्रलोभन देते हुए यह कहती है कि यदि तू मेरे लाल के बारे में बता दे कि वह कब घर आएगा तो मैं तुझे दूध-भात दोने में खिलाऊँगी तथा तेरी चोंच को सोने से मढ़ दूँगी।

घ) राम के आगमन का समाचार सुनकर कौशल्या की क्या दशा हुई?
→ जिस प्रकार मरती हुई मीन को पानी मिलने पर उसे जीवन दान मिल जाता है ठीक उसी प्रकार राम के आगमन का समाचार सुनकर कौशल्या को जीवनदान मिल गया।

लिखित

Q2. क) राम के आगमन का समाचार कौन लाया?
→ कोई व्यक्ति भरत के यहाँ गया और राम के आगमन का समाचार ले आया।

ख) तुलसीदास ने माँ की व्याकुलता का वर्णन किन शब्दों में किया है?
→ तुलसीदास माँ की व्याकुलता का वर्णन करते हुए कहते हैं कि वह राम का इंतजार बड़ी व्याकुलता से कर रही है। वह व्याकुल होकर कौए से पूछती है उसे कई तरह के प्रलोभन

classmate
Date
Page

देती है। गिनती करनेवाले (ज्योतिषी) के पाँव पड़कर पूछती है कि वह कब आनेवाला है। उनकी हालत वैसी हो रही है जैसे पानी के बिना मीन की होती है।

ग) जसोदा मईया अपने लाल श्रीकृष्ण को झूला झुलाती हुई किसे बार-बार बुला रही है?

→ जसोदा मईया अपने लाल श्रीकृष्ण को झूला झुलाती हुई बार-बार नींदिया को बुला रही है और उसे उलाहना देते हुए कहती है कि तू क्यों नहीं आ रही है। तुझे मेरा कान्हा बुला रहा है।

घ) श्रीकृष्ण के बेचैन होने पर जसोदा क्या करने लगती है?
→ श्रीकृष्ण के बेचैन होने पर जसोदा फिर से मधुर लोरी गाने लगती है।

ङ) भगवान श्रीकृष्ण के समीप रहने और प्यार करने का जो सुख यशोदा मईया को मिल रहा है उस सुख को पाने के लिए कौन तरसता है?

→ भगवान श्रीकृष्ण के समीप रहने और प्यार करने का जो सुख यशोदा मईया को मिल रहा है उस सुख को पाने के लिए बड़े से बड़े ऋषिमुनि भी तरसते हैं क्योंकि कठिन तपस्या के बाद भी उन्हें भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन प्राप्त नहीं होते।

Q3 आशय स्पष्ट कीजिए -
मेरे लाल कौं आउ निंदरिया, काहैं न आनि सुवावै।
तू काहैं नहिं बेगहिं आवै, तोकौं कान्ह बुलावै॥

→ माँ नींद से कहती है कि तू क्यों नहीं जल्दी से आकर, मेरे लाल को सुलाती है। तुझे कान्हा कब से बुला रहा है।

H/W Q4 रिक्त स्थान भरिए -

Q5 निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी अर्थ लिखिए -

क) भरि - पूरी तरह से देखना
ख) गनक - गिनती करने वाला
ग) कहहु - कहती हैं
घ) हलरावै - हिलाती हैं
ङ) कबहुँ - कब
च) जोइ - सोइ - जो मन में आता है।

व्याकरण

Q- साधारण वाक्य किसे कहते हैं?
-> जिन वाक्यों में कार्य के होने अथवा करने का बोध होता है उसे साधारण वाक्य कहते हैं।

Q- वाक्य किसे कहते हैं?
-> शब्दों के सार्थक समूह को वाक्य कहते हैं।

Q. प्रश्नवाचक वाक्य किसे कहते हैं?
-> जिन वाक्यों में प्रश्न पूछने का बोध हो उसे प्रश्नवाचक वाक्य कहते हैं।

Q6. वाक्यों के आगे 'साधारण वाक्य' अथवा 'प्रश्नवाचक वाक्य' लिखिए -

क) भरत के यहाँ से संदेश आया।
-> साधारण वाक्य

ख) हरि को नींद क्यों नहीं आ रही थी?
-> प्रश्नवाचक वाक्य

ग) कौवा क्या संदेश लेकर आया है?
-> प्रश्नवाचक वाक्य

classmate
Date
Page

घ) यह पद सूरदास जी द्वारा रचित है।
→ साधारण वाक्य

Q7 शब्दों के समान तुक वाले शब्द लिखिए -

क) हलरावै - मल्हावै
ख) अकुलानि - धानी
ग) आयो - पायो
घ) जोइ - सोइ
ङ) मद्हैं हो - दैहों
च) गावै - आवै
छ) मनावति - पूछति
ज) माता - वाता

Q8 प्रत्येक वर्ग में एक शब्द उस वर्ग का नहीं है। उस पर (O) लगाइए -

क) कौशल्या	(चना)	दशरथ	भरत
ख) जसोदा	कृष्ण	(कानपुर)	ब्रज
ग) राम	लक्ष्मण	(नाव)	सीता
घ) पालना	नींद	(चीख)	झुलाना

Q9 वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए -

Ans 1) अध्यापक कक्षा में पढ़ा रहे हैं।

2) काला घोड़ा सरपट भागा जा रहा है।

3) हम सभी बाज़ार जाएँगे।

4) मुर्गा बाँग दे रहा है।

5) लड़की विद्यालय जा रही है।

— x —